Page No.
Date : 15/03-2022

I.Q.A.C. बैठक -

दिनाँक 15/03/2022 मंगलवार को अपराह्न 3.00 बजे महाविद्यालय के स्टाफ-रूम में आई.क्यू.ए.सी. की बैठक रखी गयी जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे।

उक्त बैठक की अध्यक्षता, डॉ.बी.एस. दानाडा, प्राचार्य, शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, पाटन ने की।

1. RAJESH TAMRAKAR — [signature]
2. Shailesh Kumar Mishra — [signature]
3. Dr. R.K. Verma — [signature]
4. Y. Kaushik — [signature]
5. ज्योति वर्मा — [signature]
6. Dr. D.K. Alamdar — [signature]
7. Dr. K. Tilkarniha — [signature]
8. B. M. SAHU — [signature]
9. Dr. Shobha Shrivastava — [signature]
10.

उक्त बैठक का एजेंडा -

1. 'AQAR' 2020-21 का अवलोकन, चर्चा एवं अनुमोदन।

2. विद्यार्थियों के गुणवत्ता विकास विषयक बिन्दुओं पर चर्चा, सुझाव एवं आगामी सत्र हेतु कार्ययोजना के संबंध में निर्णय [शैक्षणिक एवं शैक्षणेतर]

3. बेस्ट प्रैक्टिसेज एवं प्रसार गतिविधियों के तहत विद्यादान-योजना एवं जलसंरक्षण अभियान 2020-21 से 2025-26 पर चर्चा।

4. महाविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रम एवं स्ववित्तीय पाठ्यक्रम को शासन द्वारा संचालित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने के संबंध में चर्चा।

Scanned by CamScanner

5. लाइब्रेरी ऑटोमेशन।

6. अकादमिक ऑडिट के संबंध में चर्चा।

7. विभिन्न विभागों द्वारा सत्र भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन (निर्धारित प्रपत्र में) आई.क्यू.ए.सी. को उपलब्ध करवाने विषयक।

## कार्यवाही

उक्त बैठक में एजेंडा के अनुसार चर्चा के पश्चात निम्नांकित निर्णय लिये गये -

- 'AQAR' - 2020-21 का अवलोकन एवं चर्चा कर समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।
- I.P.R. पर एक कार्यशाला के आयोजन का निर्णय लिया गया।
- विद्यार्थियों की गुणवत्ता, विकास विषयक बिन्दुओं पर चर्चा एवं सुझावों के पश्चात आगामी सत्र हेतु कार्ययोजना के संबंध में निम्नानुसार निर्णय लिये गये जिनमें शैक्षणिक एवं शैक्षणेतर कार्यक्रम शामिल होंगे

(i) विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों के आधार पर निश्चित कार्ययोजना तैयार कर महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा अतिरिक्त कक्षाएँ संचालित की जायेंगी।

(ii) महाविद्यालय में B.C.A. एवं B.Sc. की कक्षाओं में कम्प्यूटर साइंस विषय के नवीन पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने की दिशा में प्रयास किया जाये। स्ववित्तीय पाठ्यक्रम को शासन द्वारा संचालित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जावे।

Scanned by CamScanner

Page No.
Date :

(iii) एम. ए. अंग्रेज़ी प्रारंभ करने हेतु प्रयास किया जाये।

(iv) विद्यार्थियों के मूल्यवर्द्धन हेतु विभिन्न विषयों में वेल्यू एडेड कोर्स चलाये जायें।

(v) विद्यार्थियों की गुणवत्ता के विकास हेतु विभिन्न कार्यशालाओं एवं सेमीनार का आयोजन किया जाये।

(vi) बेस्ट प्रेक्टिसेज़ के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलायी जा रही 'विद्यादान-योजना' से महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को जोड़ा जाये। इसी श्रृंखला में 'जल-संरक्षण' हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'जल-संरक्षण अभियान' (2021-22 से 2025-26 तक) चलाया जाये जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक जागरूकता का विकास हो सके।

(vii) एन.सी.सी. (गर्ल्स बटालियन) को पुनः प्रारंभ किये जाने की दिशा में प्रयास किया जाये।

(viii) खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं अनुकूल वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों हेतु 'राज्य-स्तरीय खेल स्पर्धाओं' के आयोजन हेतु प्रयास किये जायें।

(ix) विद्यार्थियों के सांगीतिक कौशल को उन्नत करने के उद्देश्य से इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के साथ M.O.U. किया जावे।

- लाइब्रेरी ऑटोमेशन कार्य कराये जाने हेतु प्रयास किया जाये।

- अकादमिक ऑडिट करवाने के संबंध में अनुशंसा की गयी।

- विभिन्न विभागों द्वारा सत्र भर की गतिविधियों का प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में आई.क्यू.ए.सी. को उपलब्ध करवाया जाये।

प्राचार्य
शास.डी.एल.डी. कला एवं विज्ञान महा.वि.
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

# कार्यान्वयन प्रतिवेदन

1. सत्र 2020-21 का A.Q.A.R. दिनांक 22/03/2023 को भरा गया।

2. महाविद्यालय में 'बौद्धिक संपदा अधिकार' (I.P.R.) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 21/03/23 को किया गया। विषय-विशेषज्ञ के रूप में डॉ. अमित दुबे (C.G.C.O.S.T.) आमंत्रित थे।

3. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की गुणवत्ता विकास हेतु समस्त विभागाध्यक्षों से आगामी सत्र 2022-2023 के लिए शैक्षणिक एवं शैक्षणेतर कार्ययोजना की रूपरेखा उपलब्ध करवाने हेतु प्राचार्य द्वारा निर्देश दिये गये।

4. महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु रूपरेखा की दिशा में कार्य के लिए एक समिति का गठन किया गया है।

5. महाविद्यालय में B.C.A. एवं B.Sc. कम्प्यूटर साइंस विषय के नवीन पाठ्यक्रम को प्रारंभ किये जाने के संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

6. स्ववित्तीय योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में D.C.A. पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने के संबंध में जनभागीदारी समिति की बैठक में सहमति प्राप्त हुई। शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया।

7. एम.ए. अंग्रेज़ी की कक्षा प्रारंभ किये जाने के संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा गया।

8. विद्यार्थियों के मूल्यवर्द्धन हेतु महाविद्यालय के ग्यारह विभागों द्वारा आगामी सत्र हेतु वेल्यू एडेड कोर्स (VAC) के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

कृ.प.उ.

Page No.
Date :

9. फैकल्टी डेवलपमेंट के अन्तर्गत महाविद्यालय की कैपेसिटी बिल्डिंग सेल द्वारा महाविद्यालय में दिनाँक 29/03/2022 को 'ई-रिसोर्सेज़' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय-विशेषज्ञ के रूप में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग के ग्रंथपाल श्री ए. के. अहिरवार ने N-List, शोधगंगा, ई-पाठशाला की जानकारी देते हुए ई-रिसोर्सेज़ के उपयोग से समय और धन की बचत के संबंध में अपने विचार रखे।

10. फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत दिनाँक 12 जुलाई 2022 को डॉ. जगजीत कौर सलूजा (विभागाध्यक्ष भौतिक विभाग, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग) ने 'संस्था में गुणवत्ता विकास' विषय पर कार्यशाला ली।

11. दिनाँक 13 जुलाई 2022 को अंग्रेज़ी संप्रेषण कला विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री शैलेष कुमार मिश्र (विभागाध्यक्ष, अंग्रेज़ी विभाग पाटन महाविद्यालय) ने विषय-विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार रखे।

12. दिनाँक 14 जुलाई 2022 को फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत सेंट थॉमस कॉलेज के डॉ. संतोष कुमार मिश्रा ने 'कम्प्यूटर एंड अदर डिजिटल स्किल्स' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला ली।

13. एन.सी.सी. (गर्ल्स बटालियन) को पुनः प्रारंभ किये जाने के संबंध में सहकारी महिला सहायक प्राध्यापक के उपलब्ध होने की स्थिति में क्रियान्वयन किया जायेगा।

Sadhana
(डॉ. साधना खरगाँवकर)
प्रभारी, I.Q.A.C.

प्राचार्य
शास.सी.एल.सी.कला एवं विज्ञान महा.वि.
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

Scanned by CamScanner